प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ साझा किए अपने विचार : कहा–रिकॉर्डस्तर पर पहुंचा भारत का खाद्यान्न उत्पादन।
2. प्रधानमंत्री ने मन की बात में अयोध्या में ध्वजारोहण और काशी तमिल संगमम का भी किया जिक्र : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया आभार।
3. भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समयसीमा एक सप्ताह बढाई : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया फैसले का स्वागत।
4. लखनऊ में चल रही सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 का हुआ समापन : भारत की गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने जीता महिला डबल्स का खिताब।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लीप इंजन एमआरओ सुविधा, आईएनएस माहे और स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर भारत की नई सोच, नवाचार और युवा

शक्ति को दर्शाते हैं। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने यह बात कहीं। बाइट......

*कुछ दिन पहले ही मैंने हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एम आर ओ फेसिलिटी का उद्घाटन किया है। एयर क्राफ्ट की मेंटेनेंस, रिपेअरएंड ओवर हॉल के सेक्टर में भारत ने ये बहुत बड़ा कदम उठाया है। पिछले ही हफ्ते मुंबई में एक स्पेस ईकोसिस्टम को स्काईरूट के इनफिनिटी कैम्पस ने नई उड़ान दीहै। ये भारत की नई सोच, इनोवेशनऔर यूथ पावर का प्रतिबिंब बना है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन पिछले 10 साल में 10 करोड़ टन बढ़ा है। बाइट.....

*कृषि क्षेत्र में भी देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। भारत ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 300 एंड 57 मिलियन टन, 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवम्बर का महीना देश के लिए कई प्रेरणाएं लेकर आया है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने की 25 तारीख को अयोध्या के राम मंदिर में धर्मध्वजा फहराई गई।

*26 नवंबर को 'संविधान दिवस' परसेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवंबर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ। इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये देश और देशवासियों की उपलब्धियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि इस महीने महिला टीम के क्रिकेट विश्व कप जीतने के अलावा कई खिताब भारतीय खिलाडियों ने अपने नाम किए। प्रधानमंत्री ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया। चौथे काशी तमिल संगमम की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के काशी–तमिल संगमम का विषय बहुत ही रोचक है। तमिल सीखें–तमिल कराकलम। बाइट.....

*काशी–तमिल संगमम उन सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिन्हें तमिल भाषा से लगाव है। काशी के लोगों से जब भी बात होती है, तो वो हमेशा बताते हैं कि काशी–तमिल संगमम का हिस्सा बनना उन्हें बहुत अच्छा लगता है। यहाँ उन्हें कुछ नया सीखने और नए–नए लोगों से मिलने का अवसर मिलता है। इस बार भी काशीवासी पूरे जोश और उत्साह के साथ तमिलनाडु से आने वाले अपने भाई–बहनों का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि आप काशी–तमिल संगमम का हिस्सा जरूर बनें।*

प्रधानमंत्री ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो द्वारा आयोजित अनूठी ड्रोन प्रतियोगिता का भी उल्लेख किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या में ध्वजारोहण, काशी तमिल संगमम और खाद्यान्न उत्पादन जैसे कई अन्य विषयों का उल्लेख करने को लेकर उनका आभार जताया है। उन्होंने

एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में खुशहाल किसान–विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है। मन की बात कार्यक्रम को लखनऊ, वाराणसी, अमरोहा समेत प्रदेशभर में श्रोताओं द्वारा सुना गया।

————————

भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समय सीमा एक सप्ताह बढा दी है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार अब 11 दिसंबर तक फार्म वितरित किए जा सकेंगे। पहले यह समय सीमा 4 दिसंबर थी। मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर जारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक राज्य में 70 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन हो चुका है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कानपुर नगर में प्रदेश वासियों से गणना प्रपत्रों को तत्काल भरकर जमा करने की अपील की। वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी बीएलओ से अपने कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने एक सप्ताह का जो समय बढ़ाया है, हम इसका स्वागत करते हैं। बाइट.....

*चुनाव आयोग के द्वारा समय–समय पर कोई ना कोई अभियान चलाया जाता है। कर्तव्य पालन हिम्मत के साथ करें और यह एक जिम्मेदारी वाला काम है और उन्हें यह जिम्मेदारी मिली हुई है जो भारतीय संविधान के अनुसार लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। चुनाव आयोग ने एक सप्ताह का जो समय बढ़ाया है, उसका हम स्वागत करते हैं।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने आज लखनऊ में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किये श्रम सुधार देश की श्रम व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनाते हुए श्रमिकों को सुरक्षा, सम्मान और समयबद्ध सेवाएँ उपलब्ध कराएंगे। नई संहिताएं 21 नवम्बर 2025 से पूरे देश में प्रभावी हो चुकी हैं। श्री राजभर ने लोकभवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता में कहा कि भारत सरकार ने 29 पुराने श्रम अधिनियमों को एकीकृत करते हुए मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020,**

औद्योगिक संबंध संहिता 2020 तथा उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता 2020 को लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय स्तर पर करियर केंद्र स्थापित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सुधार उद्योगों के विकास, रोजगार विस्तार और श्रमिक कल्याण इन तीनों को एक साथ नई दिशा देंगे।

——————

काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण के अंतर्गत आज काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'रन फॉर केटीएस 4.0' में युवाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बीएचयू कुलपति अजित कुमार चतुर्वेदी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके माध्यम से विविधता में एकता के संदेश को प्रसारित किया गया।

——————

उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में लखनऊ में आयोजित "खादी महोत्सव–2025" का आज दसवें और अंतिम दिन समापन हो गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव अनिल सागर ने कहा कि प्रदेश सरकार खादी, ग्रामोद्योग और पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष महोत्सव में खादी संस्थाओं के 32, ग्रामोद्योग की 120 और माटी कला की 8 इकाइयों सहित कुल 160 उद्यमियो ने भाग लिया।

——————

मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में दिल्ली–लखनऊ हाईवे पर आज एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। बस और ऑटो के बीच हुई टक्कर में कई लोग घायल भी हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे में मारे गए ऑटो सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। वहीं भदोही में एनएच–19 पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

———————

भारत की गायत्री गोपीचन्द और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला डबल्स का खिताब जीत लिया है। लखनऊ में आज खेले गए फाइनल में भारतीय जोडो ने जापान की तनाबे और ऑसावा की जोडो को 17–21, 21–13, 21–15 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मैच के अपने अनुभवों को साझा करते हुए गायत्री गोपीचंद ने बताया कि पहले सेट में हारने के बाद उन्होंने अपनी स्ट्रेटजी को बदला और जीत हासिल की। बाइट.....

*हम तो सोच कर गए थे, 1 घंटा तो मैच होने वाला है क्योंकि जैपनीज फेयर है, इजी तो होने नहीं वाला और हां, आई मीन लाइक उसने बोला, फर्स्ट सेट इतना अच्छा नहीं था बट सेकंड सेट स्ट्रेटजी चेंज किया तो अटैकिंग था, रैली था सब काम आ गया।*

उधर, पुरुष एकल के फाइनल में भारत को निराशा हाथ लगी। इस मैच में भारत के किदांबी श्रीकांत, हांगकांग के जैसन गुनावान के हाथों हार गए।

(समाप्त)